प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 06.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्यपाल ने की सैनिक कल्याण निदेशालय की बैठक, गोड्डा में नया सैनिक स्कूल खोलने और शहीदों के आश्रितों की सहायता राशि बढ़ाने का निर्णय।**

2. **पेसा नियमावली पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार को घेरा, आदिवासी–मूलवासी अधिकारों की लड़ाई तेज करने का आह्वान, झामुमो का पलटवार।**

3. **हाईकोर्ट ने रांची के होटवार जेल में कैदियों का वीडियो वायरल होने पर जतायी नाराजगी, बड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का निर्देश, सरकार से मांगी विस्तृत रिपोर्ट।**

4. **दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने लोहरदगा में कोयल नदी पर क्षतिग्रस्त रेलवे ब्रिज का किया निरीक्षण, कहा–इस रेलखंड पर मार्च तक बंद रहेगा ट्रेनों का परिचालन।**
चतरा ने स्वास्थ्य सेवाओं में हासिल की बड़ी उपलब्धि, जिले में खुला राज्य का पहला मातृ एवं शिशु देखभाल इकाई।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आज रांची स्थित लोकभवन में सैनिक कल्याण निदेशालय की बैठक हुई। इसमें गोड्डा में नया सैनिक स्कूल खोलने, शहीदों के आश्रितों की सहायता राशि बढ़ाने और झारखंड युद्ध स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अग्निवीरों के पुनर्वास पर भी चर्चा हुई।

****

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित पेसा नियमावली की तीखी आलोचना की है। रांची में एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि नई नियमावली आदिवासियों के साथ धोखा है।

****

इधर, झामुमो ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि असल में राज्य की महागठबंधन सरकार द्वारा लाई गई पेसा नियमावली बीजेपी नेताओं की कथित काली कमाई पर रोक लग जायेगी।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना से गरीबों को रोजगार के साथ पूरा सम्मान मिलेगा। रांची में आज एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को गरीबों की भलाई वाली योजना पसंद नहीं आ रही है।

****

प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम के नाम पर मुनाफे की राजनीति कर रही है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग जमीन घोटाले में जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। विनय चौबे पर उपायुक्त रहते हुए सेवायत भूमि की अवैध खरीद–बिक्री और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने होटवार जेल में कैदियों के डांस वीडियो वायरल होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने राज्य सरकार के हलफनामे को अधूरा बताते हुए कहा कि केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने बड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का निर्देश देते हुए विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

****

नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरे राज्य में सियासत तेज हो गई है। इस सिलसिले में गिरिडीह भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में देरी के खिलाफ डीसी कार्यालय के समक्ष धरना दिया। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने दलीय आधार पर ईवीएम के जरिये चुनाव कराने की मांग की।

****

उधर, जमशेदपुर में भी आज भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में देरी के खिलाफ मानगो नगर निगम कार्यालय पर धरना–प्रदर्शन किया। नेताओं ने दलीय आधार पर ईवीएम से चुनाव कराने की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया।

****

कोडरमा के झुमरीतिलैया में भी भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में देरी के खिलाफ धरना दिया। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी और प्रभारी टुन्नू गोप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दलीय आधार पर चुनाव और ईवीएम के प्रयोग की मांग की।

****

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने आज लोहरदगा में कोयल नदी पर क्षतिग्रस्त रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्च अंत तक रांची–लोहरदगा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन ठप रहेगा।

****

सिमडेगा में बाल विवाह मुक्त झारखंड और डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि बाल विवाह और डायन कुप्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए सामाजिक सहभागिता आवश्यक है।

****

चतरा जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिले के सदर अस्पताल में राज्य का पहला मातृत्व एवं शिशु देखभाल ईकाई एमएसएनसीयू खोला गया है। जिले की उपायुक्त कीर्ति श्री ने बताया कि यह केंद्र गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे बाल मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी।

****

गिरिडीह पुलिस ने जमुआ के भूपतडीह में हुई जमीन विवाद फायरिंग मामले का खुलासा करते हुए 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. विमल कुमार ने आज बताया कि इनके पास से तीन पिस्तौल और 23 कारतूस बरामद हुए हैं।

****

राज्य में भीषण शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिससे छह जिलों का पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया है। स्थिति को देखते हुए 8 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिये गये हैं। मौसम विभाग ने कल के लिए आठ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

****

पाकुड़ जिले के तीन प्रतिभाशाली कबड्डी खिलाड़ी बिशाल सिंह, अभिजीत कुमार और तुषार पहाड़िया का चयन 19वीं सीनियर राष्ट्रीय सर्किल कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य टीम में किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 10 से 12 जनवरी तक उत्तराखंड के बाजपुर शहर में आयोजित की जाएगी।

********समाप्त*********